5 – बहादुर बित्तो

शब्दार्थ

गुस्सा = क्रोध

मरियल = बहुत दुबला पतला

पग्गड़ = मोटा साफा

हिम्मत = बहादुरी

कोशिश = प्रयास

होश हवाश = सुधबुध

फ़ौरन =तुरंत

1.प्रश्नोत्तर-

प्रश्न-1. शेर किसान से क्या लेने गया था ?

उत्तर- शेर किसान से उसका बैल लेने गया था ।

प्रश्न-2. शेर ने बित्तो को राक्षसी क्यों समझ लिया ?

उत्तर- बित्तो ने एक चाल चली उसने किसान से कहा कि तुमने तो चार शेर फाँस रखे थे, यहाँ तो एक ही है । चलो कोई बात नहीं एक ही शेर नाश्ते के लिए काफ़ी है । यह सुनकर शेर ने बित्तो को राक्षसी समझ लिया । बित्तो का पहनावा भी ऐसा था । उसने सिर पर पग्गड़ और हाथ में दराँती पकड़ रखी थी , जिसे देखकर शेर डर गया ।

प्रश्न-3.बैल की जान कैसे बच गई ?

उत्तर- बैल की जान बित्तो की समझदारी व चतुराई से बच गई । उसने चार शेरों के नाश्ते की बात कही, तो शेर अपनी जान बचाकर भाग गया और बैल बच गया ।

2. रूप बदलो ।

मेरी छत पर मोर आया ।

मेरी छत पर मोरनी आई ।
मोर-मोरनी की तरह नीचे लिखे शब्दों के भी रूप बदलो ।

औरत	–	आदमी
शेर	–	शेरनी
बच्चा	–	बच्ची
घोड़ा	–	घोड़ी
मछुआरा	–	मछुआरन
राजा	–	रानी

3: राज और राज़

शेर जंगल पर राज करता था ।

मेरा राज़ किसी से न कहना ।

राज और राज़ को बोल कर देखो ।

दोनों के बोलने में फ़र्क है न ?

1. कहानी में से ऐसे ही **ज़** पर लगे नुक्ते वाले शब्द ढूँढ़ो ।

उत्तर- सिर्फ़, ज़ोर, ताज़ा, तरफ़, काफ़ी, फ़ौरन ।

2: अब अपने मन से सोचकर **ज़** पर लगे नुक्ते वाले पाँच शब्द लिखो ।

उत्तर- रफ़्तार, ज़्यादा, ख़ानदान, ज़रूरत, सफ़ेद।

गृहकार्य

1. कहानी में तुमने दराँती का चित्र देखा । नीचे ऐसे ही कुछ और औज़ारों के चित्र दिए गए हैं । उन्हें पहचानो और बॉक्स में दिए शब्दों में से सही शब्द ढूँढ़कर लिखो ।


पेचकस	खुरपी	करनी
हथौड़ी	आरी	



.....




.....



.....



.....



.....


उत्तर-



हथौड़ी




पेचकस



खुरपी



करनी



आरी

2. शेर ने किसान से कहा – अपना बैल मुझे दे दो वरना मैं तुझे खा जाऊँगा। **वरना** शब्द का इस्तेमाल करते हुए तुम भी तीन वाक्य बनाओ।

उत्तर :

1. चले जाओ वरना माँ को बता दूँगा ।

2. मुझे भी खाने को दो वरना सब गिरा दूँगी ।

3. जल्दी तैयार हो जाओ वरना देर हो जाएगी ।

4. शेर और घोड़े में कई अतंर होते हैं ।

ध्यान से सोच कर नीचे लिखो ।

	शेर	घोड़ा
खाना	मास	घास
घर	जगल को गुफा	अस्तबल
रग	भूरा और सुनहरा	काला, सफेद, भूरा, चितकबरा
आदतें	जानवरो को मार कर खाना	सामान ढोना, सवारी कराना दौड़ना

5: नीचे दिए गए शब्दों को सही तालिका में लिखो ।

किसान, बोतल, लता, कक्कू, केला, कलम, राजू, रानू, चूहा, नीना, शेर, जूता, चारपाई, पगड़ी, खरगोश, करेला, छलनी, बित्तो, घोड़ा, गौरैया, बाल्टी, पीपल, कोयल, नीम, किताब, दराँती।

जानवर	चीज़ें	नाम
चूहा	बोतल	लता
शेर	कलम	कक्कू
खरगोश	केला	किसान
घोड़ा	जूता	राजू
गौरैया	चारपाइ	नीना
कोयल	पगड़ी	बित्तो
	करेला	कोयल
	छलनी	नीम
	बाल्टी	
	किताब	
	दराती	